*Total number of printed pages–8*

**14 (HIN–1) 1045**

**2021**

**( Held in 2022 )**

**HINDI**

Paper : HIN–1045

( New Syllabus and Old Syllabus )

***( Hindī Kā Kahānī Sāhitya )***

*Full Marks : 64*

Time : Three hours

***The figures in the margin indicate full marks for the questions.***

**( New Syllabus )**

***( हिन्दी का कहानी साहित्य )***

1. सही विकल्प का चयन करके निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) 'कानों में कंगना' शीर्षक कहानी के रचयिता निम्नलिखितों में से कौन हैं ?

*(i)* बंग महिला

*(ii)* राधिकारमण प्रसाद सिंह

*(iii)* अज्ञेय

*(iv)* माधवराव सप्रे

*Contd.*

(ख) किरन नामक पात्र कौन-सी कहानी की है ?

*(i)* कानों में कंगना

*(ii)* परिन्दे

*(iii)* अपना-अपना भाग्य

*(iv)* गुलकी बन्नो

(ग) मुक्तिबोध की कौन-सी कहानी आपके पाठ्यक्रम में है ?

*(i)* ज्ञानदान

*(ii)* कोसी का घटवार

*(iii)* परिन्दे

*(iv)* पक्षी और दीमक

(घ) 'चन्द्रदेव से मेरी बातें' शीर्षक निबन्ध (कहानी) पहली बार किस पत्रिका में प्रकाशित हुआ था ?

*(i)* दीपक

*(ii)* धर्मयुग

*(iii)* सरस्वती

*(iv)* बाला बोधिनी



(ङ) "बड़े जीवटवाले हो बाबू, दुबले-पतले हो, पर बड़े गुर्देवाले हो। बड़ी हिम्मत दिखायी है।" — यह कथन है —

*(i)* सरदार

*(ii)* लेखक

*(iii)* पठान

*(iv)* एक मुसाफिर

(च) परिव्राजक ब्रह्मचारी का नाम 'नीड़क' इसलिए पड़ा था, क्योंकि —

*(i)* समाधि-अवस्था में एक गौरैया ने ब्रह्मचारी की जटा में नीड़ बनाने का यत्न किया था।

*(ii)* ब्रह्मचारी ने अपनी जटा में पालतू पक्षियों के लिए नीड़ बनाया था।

*(iii)* ब्रह्मचारी ने समाधि-अवस्था में जटा में आश्रित एक गौरैये की हत्या की थी।

*(iv)* ब्रह्मचारी पक्षियों के लिये नीड़ बनाते थे।

(छ) जगपती की पत्नी का नाम है —

*(i)* लतिका

*(ii)* चन्दा

*(iii)* श्यामला

*(iv)* लक्ष्मी

*Contd.*

(ज) निम्नलिखित कहानीकारों में से प्रतिष्ठित व्यंग्य लेखक कौन हैं ?

*(i)* राजेन्द्र यादव

*(ii)* निर्मल वर्मा

*(iii)* कृष्णा सोबती

*(iv)* हरिशंकर परसाई

(झ) बिरजू की माँ की मूल इच्छा क्या थी ?

*(i)* नई साड़ी पहनना

*(ii)* स्वादिष्ट भोजन करना

*(iii)* बैलगाड़ी पर चढ़ना

*(iv)* बलरामपुर का नाच देखना

(ञ) गुलकी बन्नो की किस चीज की दुकान थी ?

*(i)* तरकारी

*(ii)* गल्ला

*(iii)* कपड़ा

*(iv)* मसाला



2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×7=14

(क) श्यामला के चरित्र की *किन्हीं दो* विशेषताएँ बताइए।

(ख) "जिस मीरा को मैंने वर्षों जाना है, वह अब पास-सी नहीं लगती, अपनी-सी नहीं लगती।" — अनुभूति में ऐसा परिवर्तन क्यों हुआ है ?

(ग) भारत आते समय चन्द्रदेव से फेमिली डॉक्टर धन्वन्तरी महाशय को साथ लाने का अनुरोध लेखिका ने क्यों किया है ?

(घ) 'एक टोकरी भर मिट्टी' की विधवा का पारिवारिक परिचय दीजिए।

(ङ) लछमा के दुख के कारण क्या-क्या हैं ?

(च) गाड़ीवाले ने गाली देकर पक्षी को क्यों कहा है कि वह दीमक के बदले पंख लेता है, पंख के बदले दीमक नहीं ?

(छ) लक्ष्मी के बारे में गोविन्द के मन में अपने-आप क्या सवाल उठा था ?

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं दो*** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×2=10

(क) भगवान चन्द्रदेव को कलकत्ता देखने का आमन्त्रण क्यों दिया गया है, स्पष्ट कीजिए।

*Contd.*

(ख) मालती का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ग) मातादीन को फौरन क्यों यमराज ने बुला लिया, स्पष्ट कीजिए।

(घ) अंग्रेज महिला के संबंध में जैनेन्द्र कुमार की क्या धारणा थी ? पठित कहानी के आधार पर उत्तर दीजिए।

4. सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

तर्क बुद्धि की शक्ति है। बुद्धि संस्कारों से आवेष्टित है। हमारी इच्छा और वासना हमारे तर्क का मार्ग निश्चित करती है।

***अथवा***

कर्ज कोढ़ का रोग होता है, एक बार लगने से तन तो गलता ही है, मन भी रोगी हो जाता है।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं दो*** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) 'कोसी के घटवार' शीर्षक कहानी में अभिव्यक्त जीवनबोध को स्पष्ट कीजिए।

(ख) कहानी-कला के आधार पर 'परिन्दे' कहानी की समीक्षा कीजिए।

(ग) कथ्य और शिल्प की दृष्टि से 'एक टोकरी भर मिट्टी' कहानी पर चर्चा कीजिए।

(घ) 'राही' कहानी के संवेदना पक्ष पर सम्यक् प्रकाश डालिए।



## ( Old Syllabus )

### ( *हिन्दी का कहानी साहित्य* )

1. निम्नलिखित अवतरणों में से ***किन्हीं दो*** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 8×2=16

(क) पर बतानेवालों ने बताया कि गरीब के मुँह पर, छाती, मुट्ठियों और पैरों पर बरफ की हल्की-सी चादर चिपक गई थी। मानो दुनिया की बेहयाई ढकने के लिए प्रकृति ने शव के लिए सफेद और ठण्डे कफ़न का प्रबन्ध कर दिया था।

(ख) माना कि नकल नकल ही है, असल चीज वह कभी हो नहीं सकती ; किन्तु चीज की जो असलियत है, गुण के साथ दुर्गुण भी, नकल में यदि उसको स्पष्ट न किया जा सका, तो नकल भी नकल नहीं हो सकती।

(ग) हाय! बादशाहों की बेगम होना भी बदनसीबी है।

(घ) मुन्ना को लगा, जैसे उसकी छोटी-छोटी पसलियों में एक बहुत बड़ा-सा आँसू जमा हो गया जो अब छलकने ही वाला है। इतने में उस आदमी ने फिर आवाज दी और गुलकी कराह कर मुन्ना की माँ का सहारा लेकर इक्के पर बैठ गई। इक्का खड़-खड़ कर चल पड़ा।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 12×3=36

(क) कहानी-कला की दृष्टि से 'बादलों के घेरे' *अथवा* 'यही सच है' कहानी का मूल्यांकन कीजिए।

*Contd.*

(ख) 'एक नाव के यात्री' *अथवा* 'बदबू' कहानी की संवेदना को स्पष्ट कीजिए।

(ग) पठित कहानियों में से आपको कौन-सी कहानी सबसे अच्छी लगी ? कारण बताते हुए सम्यक् उत्तर दीजिए।

3. संक्षेप में *किन्हीं तीन* प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4×3=12

(क) लहनासिंह के बलिदान का मूल्यांकन कीजिए।

(ख) 'परदा' शीर्षक कहानी में चित्रित मध्यवर्ग के आर्थिक खोखलेपन को स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'मछलियाँ' कहानी में मुकी नटराजन के प्रति क्यों क्रोधित हो जाती है ?

(घ) 'खोई हुई दिशाएँ' कहानी के नामकरण की सार्थकता पर विचार कीजिए।

(ङ) "जो पत्तों में बदक़िस्मत हो, वह जिन्दगी में ख़ुशक़िस्मत होता है।" — 'एक और जिन्दगी' कहानी में आए इस कथन का सन्दर्भ बताइए।

(च) "यह व्रत-भंग नहीं, व्रत का आरंभ है।" — यहाँ 'व्रत का आरंभ' का क्या तात्पर्य है ?

---